Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا بِاللّٰهِ وَرُسُلِهٖ وَلَمْ يُفَرِّقُوْا بَيْنَ اَحَدٍ مِّنْهُمْ اُولٰٓئِكَ سَوْفَ يُؤْتِيْهِمْ اُجُوْرَهُمْ

(सूरत अन्निसा आयत :153)

अनुवाद: और वे लोग जो अल्लाह और उसके रसूलोंबू पर ईमान लाए और उनके अंदर किसी के मध्य मतभेद नहीं किया यही वे लोग हैं जिन्हें वे ज़रूर उसका प्रतिफल प्रदान करेगा।

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰى عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْدِ

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष- 6
अंक- 8

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

12 रजब 1442 हिज्री कमरी 25 तब्लीग़ 1400 हिज्री शम्सी 25 फरवरी 2021 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की नसीहतें

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की एक प्यारी दुआ

(1120) हज़रत इब्ने अब्बास रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम जब रात को तहज्जुद पढ़ने के लिए उठते तो यह दुआ करते :-

اَللّٰهُمَّ لَكَ اَسْلَمْتُ وَبِكَ اٰمَنْتُ وَعَلَيْكَ تَوَكَّلْتُ وَاِلَيْكَ اَنَبْتُ وَبِكَ خَاصَمْتُ وَاِلَيْكَ حَاكَمْتُ فَاغْفِرْلِيْ مَا قَدَّمْتُ وَمَا اَخَّرْتُ وَمَا اَسْرَرْتُ وَمَا اَعْلَنْتُ اَنْتَ الْمُقَدِّمُ وَاَنْتَ الْمُؤَخِّرُ لَااِلٰهَ اِلَّا اَنْتَ اَوْلَا اِلٰهَ غَيْرُكَ

हे अल्लाह मैं ने तेरे हुज़ूर अपनी गर्दन डाल दी है और तुझ पर ईमान लाया हूँ और तुझी पर मैंने भरोसा किया है और तेरी ही तरफ़ मैं झुका हूँ और तेरी ही ख़ातिर मैं ने यह झगड़ा उठाया है और तेरे ही हुज़ूर फ़ैसला चाहा है। मेरी मग़फ़िरत फ़र्मा, उस आगे पीछे करने मेंजो मैं ने किया है और उस में भी जिसे मैं ने गुप्त रखा और जिसका मैं ने इज़हार किया। तू ही मुक़द्दम करने वाला और तू ही अंतिम करने वाला है। कोई माबूद नहीं परन्तु तू ही या (फ़रमाते) तेरे सिवा और कोई माबूद नहीं।

(सही बुख़ारी, भाग 2 किताब तहज्जुद, पृष्ठ 510 प्रकाशन क़ादियान 2006)

ख़ुदा से सुलह करो और सच्ची पवित्रता से काम लो। आकाश अपने आदत से हट कर आदतों से डरा रहा है, ज़मीन बीमारियों से सचेत कर रही है मुबारक वह जो समझे।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

तीस हज़ार दुआओं का स्वीकार होना

फिर फ़रमाया कि

"लोग इस बात को भी झूठ जानेंगे। जो हमने लिख दिया है कि मेरी तीस हज़ार दुआएं कम से कम क़बूल हुई हैं परन्तु मेरा ख़ुदा ख़ूब जानता है कि यह सच है और इस में ज़रा भी झूठ नहीं। क्योंकि हर एक काम के लिए चाहे धार्मिक हो या सांसारिक, दुआ की गई है और अल्लाह तआला ने उसे उचित और पवित्र बना दिया है।"

अरबी पुस्तकों में दुआ के प्रभाव

अरबी पुस्तकों में एक एक शब्द दुआ ही का प्रभाव है वर्ना इन्सानी ताक़त का काम नहीं कि चैलन्ज करे। यदि दुआ का प्रभाव नहीं तो फिर क्यों कोई मौलवी या भाषाविद दम नहीं मार सकता। यह अल्लाह तआला का विशेष फ़ज़ल है कि भाषा जानने वालों के रंग और मुहावरा पर हमारी पुस्तकें लिखी गई हैं वर्ना भाषा जानने वाले भी सारे इस योग्य नहीं होते कि भाषा के समस्त प्रमाणित मुहावरों को जानने वाले हूँ अत: यह ख़ुदा ही का फ़ज़ल है।"

2 जनवरी 1899 ई

रिसाला कश्फ़ुल ग़िता की रचना का उद्देश्य

8 बजे दिन के हज़रत अक़दस एक बड़ी संख्या लोगों के साथ सैर को पधारे। इस समय रास्ता में फ़रमाया

"य कष्ट और दुख जो विरोधी कभी बद-ज़बानियों के रंग में झूठ और इफ़्तिरा से भरे हुए इश्तिहारों के माध्यम से और कभी गर्वनमेंट और हुकूमत को घटना के विरुद्ध और केवल झूठी बातों के ब्यान करने से कुधारणा करके हमको दुख पहुंचाते हैं। यदि हमारी अपनी ही ज़ात तक सीमित और विशेष होते हैं, तो ख़ुदा तआला बेहतर जानता है कि हमको ज़रा भी ख़्याल न होता ,क्योंकि हम तो क़ुर्बानी के बकरे की तरह अल्लाह तआला की राह में हर समय तैयार हैं, परन्तु उसका प्रभाव हमारी क़ौम पर पहुंचता है। और कई लोग अभी ऐसे कमज़ोर भी हैं जो इब्तिला सहन नहीं कर सकते, इसलिए हमने उचित समझा है कि इन समस्त हालात को छाप कर गर्वनमेंट के पास भेज दें, क्योंकि यदि हम ख़ामोश रहें तो उधर विरोधी आरोप लगाते हैं। फिर उसका प्रभाव अच्छा नहीं पड़ता। चूँकि हमारे दिल साफ़ हैं और हम बुरे विचार रखने वाले लोगों की तरह धोखा और जी हुज़ूरी से काम नहीं लेते इसलिए हमें पूर्ण उम्मीद है कि यह रिसाला कश्फ़ुल ग़िता गर्वनमेंट को हमारे हालात और हमारी शिक्षाओं से सूचना देगा और हमारे प्रत्येक दोस्त के पास बतौर सार्टीफिकेट के रहेगा।

(मल्फ़ूज़ात भाग 1 पृष्ठ 253 से 260 प्रकाशन 2008 क़ादियान)

☆ ☆ ☆ ☆

झूठे उपास्य सीमित समय से चले हैं और ख़ुदा के क़ानून सीमित समय से चल रहे हैं
अत: वे काम जो एक निर्धारित क़ानून के अधीन हमेशा से होते चले आए हैं झूठे उपास्यों की तरफ़ नहीं से हो सकते

सय्यदना हज़रत मुसल्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु सूर: यूनुस की आयत 35 قُلِ اللّٰهُ يَبْدَؤُا الْخَلْقَ ثُمَّ يُعِيْدُهٗ فَاَنّٰى تُؤْفَكُوْنَ तफ़सीर में फ़रमाते हैं :-

"इस आयत में शिर्क के खण्डन में एक बहुत बड़ा तर्क प्रस्तुत किया गया है जिसे आम तौर पर लोगों ने समझा नहीं। अल्लाह तआला फ़रमाता है कि सृजन करने वाले का प्रमाण दोहराना होता है अर्थात सृजन(मखलूक) को दोहराना। अन्यथा हर व्यक्ति दावा कर सकता है कि मैं सृजन कर्ता हूँ। आज यदि कोई व्यक्ति उठे और कहे कि मैंने दुनिया पैदा की है तो इसका रद्द इस तरह हो सकता है कि उसको कहा जाए कि फिर पैदा करके दिखाओ। उद्देश्य दोहराना ही कर्म पर क़ुदरत रखने का प्रमाण होता है। अत: फ़रमाता है कि हम केवल लोगों को प्रस्तुत नहीं करते कि कोई कह दे कि हज़रत ईसा ने या और किसी वजूद ने भी पैदा किया है बल्कि हम पुन: करने को प्रस्तुत करते हैं। पुन: करने में दो बातें होती हैं प्रथम उस से तुरन्त परीक्षा लेनी होता है। दूसरा पुन: करना अस्थाई क़ानून को भी बताता है। उदाहरणता अनाज से अनाज पैदा होता चला आ रहा है। आज यदि ज़ैद ख़ुदा बन बैठे और ख़ालिक़ होने का दावा करे तो उसे कहा जाएगा कि अनाज तो शुरू से पैदा हो रहा है और तुम अब पैदा हुए हो। उद्देश्य झूठे उपास्य सीमित समय से चले हैं। और ख़ुदा तआला के कानून पहले से चल रहे हैं। इसलिए प्रश्न हो सकता है कि वे काम जो एक निर्धारित क़ानून के अधीन हमेशा से होते चले आए हैं तुम्हारी ओर किस तरह सम्बोधित हो सकते हैं। अत: फ़रमाया कि यह पैदा करना और पुन: करने का सिल्सिला किस ने बनाया है। यदि कहो कि अल्लाह तआला ने तो बताओ कि जब ख़ुदा तआला ने प्रारम्भ से पैदाइश के कुछ क़ानून निर्धारित फ़र्मा छोड़े थे और उनके अधीन संसार की पैदाइश हो रही है तो तुम्हारे झूठे उपस्यों का दख़ल इस में कहाँ से साबित हुआ और इसकी ज़रूरत क्या थी?

इस आयत में इस तरफ़ भी संकेत है कि जिस बादशाह ने एक बज़ाहिर न खत्म होने वाला सिल्सिला मख़लूक़ को पैदा किया है वह उस

शेष पृष्ठ 12 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सबसे ख़ूबसूरत जोड़ा जो किसी इन्सान ने देखा हो हज़रत रुक़य्या रज़ियल्लाहु अन्हा और उनके पति हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के महान ख़लीफ़ा राशिद, ज़ुन्नूरैन हज़रत उस्मान बिन अफ्फान रज़ियल्लाहु अन्हु की विशेषताओं का वर्णन

हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्ह रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से तक़रीबन पाँच वर्ष छोटे थे, आप रज़ियल्लाहु अन्हु पहले इस्लाम स्वीकार करने वालों में से थे

रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत रुक़य्या से फ़रमाया! बेटी अबू अब्दुल्लाह के साथ अच्छा व्यवहार करती रहो

निसंदेह यह मेरे सहाबा में आचरण की दृष्टि से मुझसे सबसे ज़्यादा समानता रखते हैं

ग्यारह मरहूमीन आदरणीय मौलाना सुलतान महमूद अनवर साहब पूर्व नाज़िर इस्लाह इरशाद मर्कज़िया, नाज़िर ख़िदमत-ए-दरवेशान और नाज़िर इस्लाह इरशाद रिश्ता नाता, आदरणीय मौलाना मुहम्मद उमर साहब पूर्व नाज़िर इस्लाह इरशाद मर्कज़िया क़ादियान, आदरणीय हबीब अहमद साहब पुत्र मुहम्मद इस्माईल साहब पूर्व अमीर और मिशनरी इंचार्ज नाईजेरिया, आदरणीय ब्दरुज़-ज़मा साहब कर्मचारी वकालत माल यू.के, आदरणीय मंसूर अहमद तासीर साहब कर्मचारी शोबा एहतिसाब नज़ारत उमूरे आम्मा रब्वाह, आदरणीय डाक्टर इबराहीम मुआनिगह साहब तन्ज़ानिया, श्रीमती सुग़रा बेग़म साहिबा पत्नी आदरणीय दीन मोहम्मद साहब नंगली दरवेश क़ादियान, आदरणीय चौधरी करामतुल्लाह साहब पूर्व सेवक अलफ़ज़ल इंटरनैशनल, आदरणीय चौधरी मुनव्वर अहमद ख़ालिद साहब (जर्मनी), श्रीमती नसीरा बेग़म साहिबा पत्नी अहमद सादिक़ ताहिर महमूद रिटायर्ड मुरब्बी सिल्सिला बंगला देश और आदरणीय रफ़ीउद्दीन बट साहब (बद्दू मुल्ही) का वर्णन और नमाज़-ए-जनाज़ा ग़ायब

पाकिस्तान और अल्-जज़ायर के अहमदियों के विरोध के कारण दुआओं की पुनः तहरीक

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 22 जनवरी 2020 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

आज मैं हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु का वर्णन शुरू करूँगा। कुछ सप्ताह तक यह जारी रहेगा।

हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के बारे में पहली बात तो यह याद रखनी चाहिए कि यह ख़ुद बदर की जंग में में शामिल नहीं हुए थे अलबत्ता उन आठ ख़ुशनसीब सहाबा में शामिल थे जिन्हें नबी अकरम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने बदर की जंग के माले ग़नीमत में हिस्सा देकर जंग में शामिल होना ही क़रार दिया था।

आपका नाम उस्मान बिन अफ्फान बिन अबुलआस बिन उमय्यह बिन अब्दे शम्स बिन अब्दे मुनाफ़ बिन क़ुसिये बिन कलाब है। इस तरह आपके वंश का गोत्र रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सिल्सिला गोत्र के साथ पांचवीं पुश्त पर अब्दे मुनाफ़ पर जा कर मिलता है। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की माता का नाम अर्वाह पुत्री कुरैज़ा था। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की नानी उम्मे हकीम पुत्री अब्दुल मुत्लिब थीं जो नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के माता हज़रत अब्दुल्लाह की सगी बहन थीं। एक रिवायत के अनुसार रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के माता हज़रत अब्दुल्लाह और हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की नानी उम्मे हकीम पुत्री अब्दुल मुत्लिब जुड़वां पैदा हुए थे। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की माता अर्वाह पुत्री कुरेज़ा ने सुलह हुदबिया के बाद इस्लाम क़बूल कर लिया था और मक्का से हिजरत कर के मदीना आ गईं और अपने बेटे हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के दौर ख़िलाफ़त में फ़ौत होने तक मदीना में ही रहती रहीं। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की माता ज़माना जाहिलियत में ही फ़ौत हो गईं थीं।

(अल् असाबा फ़ी तमीज़िल सहाबा ईमाम हिज्र अस्किलानी, भाग 4 पृष्ठ 377 उस्मान बिन अफ्फान, दारुल क़ुतुब आलमी बेरूत, 2005 ई.) (सीरत अमीरुल मौमिनीं उस्मान बिन अफ्फान शाख्सीयता व् असरोहू अली मुहम्मद सलाबा, पृष्ठ 15 फ़सलुल प्रथम, अस्मा वंसबा व्कुंनियत, दारुल मारूफ़ बेरूत 2006 ई.) (सैरुल साहबा, भाग प्रथम, पृष्ठ 154 दारुल ईशात कराची 2004ई.) (अल्तब्कातुल कुबरा,भाग 8 पृष्ठ 182 से 183 अर्वाह पुत्री कुरेज़ा, उम्मे कुलसूम बिन उक़बा)

हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के उपनाम के बारे में कहा जाता है कि जाहिलीयत के ज़माना में हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु का उपनाम अबू अम्र था। जब हज़रत रुक़य्या रज़ियल्लाहु अन्हा पुत्री रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से आपके बेटे अब्दुल्लाह पैदा हुए तो उस की मुनासबत से फिर मुसलमानों में आप रज़ियल्लाहु अन्हु की उपनाम अबू अब्दुल्लाह भी प्रसिद्ध हो गया। (सीरत अमीरुल मौमिनीन उस्मान बिन अफ्फान शाख्सीयता व् असरोहू अज़ अली अलसलाबी,पृष्ठ 15 फ़सलुल प्रथम, मबहसुल प्रथम अस्मा नस्बा व कुन्नियत, दारुल मारूफ़ बेरूत 2006 ई.)

इस्हाक़ के पुत्र के अनुसार नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपनी बेटी हज़रत रुक़य्या रज़ियल्लाहु अन्हा की शादी हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु से की जो बदर के युद्ध के दिनों में वफ़ात पा गए। इस पर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपनी दूसरी बेटी हज़रत रुक़य्या रज़ियल्लाहु अन्हा की बहन हज़रत उम्मे कुलसूम रज़ियल्लाहु अन्हु से हज़रत उस्मान की शादी कर दी इस कारण से आप रज़ियल्लाहु अन्हु को ज़ुन्नूरैन कहा जाने लगा।

(अल् असाबा फ़ील तमीज़िल सहाबा ईमाम हिज्र अस्कलानी, भाग 4 पृष्ठ 377 उस्मान बिन अफ्फान, दारुल क़ुतुब अल्इलिमया बेरूत, 2005 ई.)

यह भी वर्णन किया गया है कि आप को ज़ुन्नूरैन इसलिए कहा जाता था कि आप रज़ियल्लाहु अन्हु हर रात नमाज़ तहज्जुद में बहुत ज़्यादा तिलावत क़ुरआन करीम किया करते थे चूँकि क़ुरआन नूर है और रात की इबादत भी नूर है इसलिए आप रज़ियल्लाहु अन्हु ज़ुन्नूरैन अर्थात "दो नूरों वाला" के उपनाम से प्रसिद्ध हो गए। (सीरत अमीरुल मौमिनीन उस्मान बिन अफ्फान शाख्सीयता व् असरोहू अज़ अली मुहम्मद सलाबी, पृष्ठ 16 फ़सलुल प्रथम, अलमबहस प्रथम अस्मा नस्बा व् कुन्नियत, दारुल मारूफ़ बेरूत 2006 ई.)

एक सही कथन के अनुसार हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के जन्म के बारे में यह भी एक रिवायत मिलती है कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्ह आमुल फ़ील के छः वर्ष बाद मक्का में पैदा हुए और यह भी कहा गया है कि आप तायफ में पैदा हुए थे। आप रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से लगभग पाँच वर्ष छोटे थे। (सीरत अमीरुल मौमिनीन उस्मान बिन अफ्फान शाख्सीयता व् असरोहू अली अलसलाबी, पृष्ठ 16 फ़सलुल प्रथम , अलमबहस प्रथम अस्मा नस्बा व् कुन्नियत, दारुल मअरूफ़ बेरूत 2006 ई.)

आप रज़ियल्लाहु अन्हु के इस्लाम स्वीकार करने के बारे में यज़ीद बिन रुमान रिवायत करते हैं कि एक बार हज़रत उस्मान बिन अफ्फान रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत तल्हा बिन उबैदुल्लाह रज़ियल्लाहु अन्हु दोनों हज़रत ज़ुबैर बिन अव्वाम रज़ियल्लाहु अन्हु के पीछे पीछे निकले और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सेवा में हाज़िर हुए। आपने उन दोनों के सामने इस्लाम का संदेश पेश किया और उन्हें क़ुरआन करीम पढ़ कर सुनाया और उन्हें इस्लाम के हुक़ूक़ के बारे में अवगत किया और उनसे अल्लाह तआला की तरफ़ से मिलने वाली इज़्ज़त और सम्मान का वादा किया। इस पर वे दोनों, हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु ईमान ले आए और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की तसदीक़ की। फिर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने निवेदन किया हे अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ! मैं हाल ही में शाम के देश से वापस आया हूँ। जब हम माआन और ज़रका के मध्य पड़ाव किए हुए थे। माआन अरदन के दक्षिण में हिजाज़ की सीमाओं के निकट एक शहर है और ज़रका मआन के साथ ही स्थित है। बहरहाल कहते हैं वहां हम पड़ाव किए हुए थे और हम सोए हुए थे कि एक आवाज़ देने वाले ने ऐलान किया कि हे सोने वालो ! जागो। निसन्देह अहमद मक्का में ज़ाहिर हो चुका है। फिर जब हम वापस पहुंचे तो हम ने आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के बारे में सुना। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के दारे अर्कम में दाख़िल होने से पहले आरम्भिक इस्लाम लाने वालों में से थे।

(अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद भाग 3 पृष्ठ 31 उस्मान बिन अफ्फान, दारे अहया अत्तुरास अल्अरबी बैरूत,1996 ई)

(मुअजमुलबुल्दान लेखक ग़ुलाम जैलानी बर्क, पृष्ठ 320, मुअजमुलबुल्दान भाग 3 पृष्ठ 3 पृष्ठ 427, अज़्ज़रका दारुल कुतुब अल्इल्मिया बेरूत 1996 ई.)

इस्लाम स्वीकार करने के बाद आप रज़ियल्लाहु अन्हु पर अत्यचार भी हुए। मूसा बिन मुहम्मद अपनी माता से रिवायत करते हैं कि जब हज़रत उस्मान बिन अफ्फान रज़ियल्लाहु अन्हु ने इस्लाम क़बूल किया तो आपके चाचा हकम बिन अबुलआस बिन उमय्यह ने

आपको पकड़ कर रस्सियों से बांध दिया और कहा क्या तुम अपने बाप दादा का धर्म छोड़कर नया धर्म धारण करते हो। ख़ुदा की कसम मैं तुम्हें कदापि नहीं खोलूँगा यहां तक कि तुम अपना यह नया धर्म छोड़ न दो। इस पर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा ख़ुदा की क़सम ! मैं उसे कभी नहीं छोड़ूँगा और न इससे अलैहदगी धारण करूँगा। हकम ने जब आपके धर्म पर मज़बूती की यह हालत देखी तो फिर विवश होकर आपको छोड़ दिया।

(अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद भाग 3 पृष्ठ 31 उस्मान बिन अफ्फान, दारे अहया अत्तुरास अल्अरबी बैरूत,1996 ई)

हज़रत रुक़य्या रज़ियल्लाहु अन्हा से जब आपकी शादी हुई तो उस का घटना इस प्रकार वर्णन किया जाता है कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के दावा नुबूव्वत से पहले हज़रत रुक़य्या रज़ियल्लाहु अन्हा का रिश्ता अबूलहब के बेटे उत्बा से और उनकी बहन हज़रत उम्मे कुलसूम रज़ियल्लाहु अन्हा का रिश्ता उत्बा के भाई उतैबा से हो चुका था। जब सूरत मसद अर्थात सूरत लहब नाज़िल हुई तो उनके बाप अबूलहब ने उनसे कहा कि यदि तुम दोनों मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) की बेटियों से अलग न हुए तो मेरा तुमसे कोई सम्बन्ध नहीं होगा। ये रिश्ते तोड़ दो। इस पर इन दोनों ने विदाई से पूर्व ही दोनों बहनों को तलाक़ दे दी। इसके बाद हज़रत उस्मान बिन अफ्फान रज़ियल्लाहु अन्हु ने मक्का में ही हज़रत रुक़य्या रज़ियल्लाहु अन्हा से शादी कर ली और उनके साथ हब्शा की तरफ हिजरत की। हज़रत रुक़य्या रज़ियल्लाहु अन्हा और हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु दोनों ही ख़ूबसूरती में अपनी मिसाल स्वयं थे। इसलिए कहा जाता है कि اَحْسَنَ زَوْجَيْنِ رَاٰهُمَا اِنْسَانٌ رُقَيَّةُ وَزَوْجُهَا عُثْمَانُ- सबसे ख़ूबसूरत जोड़ा जो किसी इन्सान ने देखा हो वो हज़रत रुक़य्या रज़ियल्लाहु अन्हा और इनके पति हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु हैं।

(शरह जरक़ानी ,भाग 4 पृष्ठ 322 से 323 बाब फ़ी वर्णन औलादे इकराम, दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया बेरूत 1996 ई)

अब्दुर्रहमान बिन उस्मान क़ुरशी से रिवायत है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अपनी बेटी के घर तशरीफ़ लाए। वह उस वक़्त हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु का सिर धो रही थीं। इस पर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया बेटी अबू अब्दुल्लाह के साथ अच्छा व्यवहार करती रहो। निसन्देह यह मेरे सहाबा में आचरण की दृष्टि से मुझसे सबसे ज़्यादा समान हैं।

(उद्धरित शरह अल्लामा अज़्ज़रकानी अला अल्मवाहेदुल लदुनिया भाग 4, पृष्ठ 322-323 बाब फी ज़िक्र औलाददुल किराम, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत, 1996 ई)

हिजरत की घटना के बारे में इसहाक़ के पुत्र कहते हैं कि जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने देखा कि आपके सहाबा को आज़माईश पहुंच रही थी और अल्लाह तआला के साथ मुक़ाम और मर्तबा के कारण से और अपने चाचा अबूतालिब के कारण से आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम सुरक्षित थे। अर्थात आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम तो सुरक्षित थे और यह कि जिस आज़माईश में सहाबा थे इसे रोकने की आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम सामर्थ्य और शक्ति नहीं रखते थे। जबकि ख़ुद तो कुछ हद तक अमन में थे लेकिन सहाबा पर जो ज़ुल्म हो रहे थे उन ज़ुल्मों को रोकने की आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम में ताक़त नहीं थी। इस पर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने सहाबा से फ़रमाया कि यदि तुम हब्शा की ज़मीन की तरफ़ निकलो तो वहां एक ऐसा बादशाह है जिसके पास किसी एक पर ज़ुल्म नहीं किया जाता और वह सच्चाई की ज़मीन है। यहां तक कि अल्लाह तआला तुम्हें इस आज़माईश से बचा ले जिस में तुम लोग हो। इस पर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के अस्हाब उपद्रव के भय से और अपने धर्म के द्वारा अल्लाह तआला की तरफ़ जाने के लिए आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास से हब्शा की ज़मीन की तरफ़ रवाना हुए। यह इस्लाम में होने वाली पहली हिजरत थी।

हब्शा की तरफ़ हिजरत करने वाले सहाबा में हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु अपनी पत्नी हज़रत रुक़य्या रज़ियल्लाहु अन्हा पुत्री रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ शामिल थे।

(अस्सीरतुन्नबविय्या ले इब्ने हश्शाम, पृष्ठ 237-238 बाब ज़िक्र अल्हिजरत अल्औला इला अरज़ हब्शा दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया बेरूत 1996 ई.)

हज़रत अनस रज़ियल्लाहु अन्हु रिवायत करते हैं कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु हबशा की तरफ़ हिजरत के लिए निकले तो उनके साथ हज़रत रुकय्या रज़ियल्लाहु अन्हा पुत्री रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम भी थीं। नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम तक उनकी ख़बर पहुंचने में देर हो गई। पता नहीं लग रहा था कि हिजरत की है तो कहाँ तक पहुंचे हैं, क्या हाल है? तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बाहर निकल कर उनके बारे में ख़बर की प्रतीक्षा करते रहते। फिर एक औरत आई और उसने आप को उनके बारे में बताया। इस पर नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि हज़रत लूत अलैहिस्सलाम के बाद उस्मान वह पहला व्यक्ति है जिसने अपने अहल के साथ अल्लाह तआला की राह में हिजरत की है।

(मजमउज्ज़वाइद व मन्बउल फवाइद भाग 9, पृष्ठ 58 किताब मनाकिब, बाब हिजरत, हदीस नम्बर 4498,दारुल कुतुब अल्इल्मिया बेरूत 1996 ई.)

हज़रत साद रज़ियल्लाहु अन्हु वर्णन करते हैं कि जब हज़रत उस्मान बिन अफ़्फ़अन रज़ियल्लाहु अन्हु ने हब्शा की ज़मीन की तरफ़ हिजरत का इरादा किया तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उन्हें फ़रमाया कि रुक़य्या को भी साथ ले जाओ। मेरा ख़्याल है कि तुम में से एक अपने साथी का हौसला बढ़ाता रहेगा। अर्थात दोनों होंगे तो एक दूसरे का हौसला बढ़ाते रहोगे। फिर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत अस्मा रज़ियल्लाहु अन्हा पुत्री अबूबकर रज़ियल्लाहु अन्हु को फ़रमाया कि जाओ और इन दोनों की ख़बर लाओ कि चले गए हैं? कहाँ तक पहुंचे हैं? क्या हालात हैं बाहर के? हज़रत अस्मा रज़ियल्लाहु अन्हा जब वापस आईं तो हज़रत अबूबकर रज़ियल्लाहु अन्हु भी रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास मौजूद थे। उन्होंने बताया कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्ह एक ख़च्चर पर पालान डाल कर हज़रत रुक़य्या रज़ियल्लाहु अन्हा को उस पर बिठा कर समुंद्र की तरफ़ निकल गए हैं। इस पर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम फ़रमाया : हे अबूबकर (रज़ियल्लाहु अन्हु) हज़रत लूत अलैहिस्सलाम और हज़रत इब्राहीम अलैहिस्सलाम के बाद ये दोनों हिजरत करने वालों में सबसे पहले हिजरत करने वाले हैं।

(मुस्तदरिक भाग 4, पृष्ठ 414, किताब मअरफतिस्सहाबा, बाब ज़िक्र रुकय्या बिन्त रसूलुल्लाह हदीस 6999, दारुल फिक्र बैरूत 2002ई)

फिर हब्शा से उनकी वापसी का घटना भी वर्णन हुई है। पुत्र इसहाक़ कहते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के जिन सहाबा ने हब्शा की ओर हिजरत की थी उन्हें ख़बर पहुंची कि मक्का वाले इस्लाम ले आए हैं। इस पर ये मुहाजिरीन हब्शा से मक्का की तरफ़ वापस लौटे। जब वे मक्का के क़रीब पहुंचे तो उन्हें मालूम हुआ कि यह ख़बर ग़लत थी। इस पर ये लोग पोशीदा तौर पर या किसी की अमान में आकर मक्का में दाख़िल हुए। उनमें से कुछ तो ऐसे थे कि जिन्होंने फिर मदीना हिजरत की और बदर और अहद की जंग में आपके साथ अर्थात रसूले पाक सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ शामिल हुए और कुछ ऐसे थे जिनको कुफ़्फ़ार ने मक्का में ही रोक लिया और वेबदर की जंग में इत्यादि शामिल नहीं हो सके। हब्शा से आकर फिर मक्का से मदीना हिजरत करने वालों में हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु और उनकी पत्नी हज़रत रुक़य्या पुत्री रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम भी शामिल थीं। (सीरातुल नबविय्या ले इब्ने हश्शाम, पृष्ठ 265-266 दारुल क़ुतुब अल्इलिमया बेरूत 2001ई.)

हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु हब्शा में कुछ वर्ष रहे। किताब में एक जगह यह लिखा है कि कुछ वर्ष रहे। इसके बाद जब कुछ सहाबा कुरैश के इस्लाम की ग़लत ख़बर पा कर अपने वतन वापस आए तो हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु भी आ गए। यहां आकर मालूम हुआ कि यह ख़बर झूठी है। इस बिना पर कुछ सहाबा फिर हब्शा की तरफ़ लौट गए परन्तु हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु मक्का में ही रहे यहां तक कि मदीना की हिजरत के सामान पैदा हो गए और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपने समस्त सहाबा को मदीना की तरफ़ हिजरत का इरशाद फ़रमाया तो हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु भी अपने परिवार के साथ मदीना तशरीफ़ ले गए।

(सैरुल सहाबा भाग अव्वल (ख़ुलफ़ाए राशदीन) पृष्ठ, 178 इदारा इस्लामिया अनार कली लाहौर पाकिस्तान)

एक रिवायत में यह वर्णन मिलता है कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु दोबारा हब्शा की तरफ़ हिजरत कर गए थे (अल्तब्कातुल कुबरा ले इब्ने साअद, भाग तीन, पृष्ठ 31 उस्मान बिन अफ्फान, दारुल अहया तुर्रासुल अरबी बेरूत 1996ई.)

लेकिन अधिकतर जीवनी की पुस्तकों में हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की हब्शा की तरफ़ इस दूसरी हिजरत का वर्णन नहीं है। वैसे भी हिजरत हब्शा द्वितीय की जो पृष्ठभूमि और विस्तार जीवनी की पुस्तकों और हदीस में वर्णन हुआ हैं, सचेत जीवनी के लेखक उस का एक-एक शब्द इस तरह स्वीकार नहीं करते क्योंकि वास्तव में ऐसा संभव नहीं है। इस लिए हिजरत हब्शा का वर्णन करते हुए हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब ने जो अपनी तहक़ीक़ की है जबकि इस में से कुछ हिस्सा में पहले पिछले कुछ सहाबा के वर्णन में कर चुका हूँ लेकिन बहरहाल यहां भी वर्णन ज़रूरी है। मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब की तहक़ीक़ यह है। वह वर्णन करते हैं कि "जब मुसलमानों की तकलीफ़ चरम को पहुंच गई और क़ुरैश अपने कष्ट देने में तरक़्क़ी करते गए तो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मुसलमानों से फ़रमाया कि वे हब्शा की तरफ़ हिजरत कर जाएं और फ़रमाया कि हब्शा का बादशाह न्याय प्रिय और इंसाफ़ करने वाला है। उस की हुकूमत में किसी पर ज़ुलम नहीं होता। हब्शा का देश जो अंग्रेज़ी में इथोपिया या एबेसीनिया कहलाता है अफ़्रीक़ा महाद्वीप के उत्तरी पूर्व में स्थित है और रहने की दृष्टि से दक्षिण अरब के बिल्कुल मुक़ाबला पर है और मध्य में लाल सागर के अतिरिक्त कोई और देश रोक नहीं होता। उस ज़माना में हब्शा में एक मज़बूत ईसाई हुकूमत क़ायम थी और वहां का बादशाह नजाशी कहलाता था बल्कि अब तक भी वहां का हुकमरान इसी नाम से पुकारा जाता है। " अर्थात जब हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब ने यह लिखा।'' हब्शा के साथ अरब के तिजारती सम्बन्ध थे और उन दिनों में हब्शा की राजधानी अक्सोम (axsum) थी जो मौजूदा शहर अद्वा (adowa) के क़रीब स्थित है और अब तक एक मुक़द्दस शहर की सूरत में आबाद चला आता है। अक्सोम उन दिनों में एक बड़ी ताक़तवर हुकूमत का केंद्र था और उस वक़्त के नजाशी का

ज़ाती नाम असहमा था। जो एक न्याय करने वाला, सचेत बुद्धि वाला और मज़बूत बादशाह था। बहरहाल जब मुसलमानों की तकलीफ़ चरम को पहुंच गई तो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उनसे इरशाद फ़रमाया कि जिन-जिन से सम्भव हो हब्शा की तरफ़ हिजरत कर जाएं। इसलिए आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के फ़रमाने पर रजब के महीने में 5 नब्वी में ग्यारह मर्द और चार औरतों ने हब्शा की तरफ़ हिजरत की। उनमें से अधिक प्रसिद्ध के नाम ये हैं हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हो बिन अफ़्फ़ान और उनकी पत्नी रुक़य्या पुत्री रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम, अब्दुर्रहमान बिन औफ़, ज़ुबैर पुत्र अवाम, अबू हुज़ैफ़ा बिन उत्बा, उस्मान बिन मज़ऊन, मस्अब बिन उमैर, अबू सलमा बिन अब्दुल असद और उनकी पत्नी उम्मे सलमा।" मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब लिखते हैं कि "यह एक अजीब बात है कि उन आरम्भिक मुहाजिरीन में अधिकतर संख्या उन लोगों की थी जो क़ुरैश के ताक़तवर क़बीले से सम्बन्ध रखते थे और कमज़ोर लोग कम-नज़र आते हैं जिससे दो बातों का पता चलता है। प्रथम यह कि ताक़तवर क़बीले से सम्बन्ध रखने वाले लोग भी क़ुरैश के अत्याचारों से सुरक्षित नहीं थे। दूसरे यह कि कमज़ोर लोग जैसे ग़ुलाम इत्यादि उस वक़्त ऐसी कमज़ोरी और बेबसी की हालत में थे कि हिजरत की भी ताक़त नहीं रखते थे।

जब ये मुहाजरीन दक्षिण की तरफ़ यात्रा करते हुए शइबा पहुंचे जो इस ज़माना में अरब की एक बंदरगाह थी तो अल्लाह तआला का ऐसा फ़ज़ल हुआ कि उनको एक तिजारती जहाज़ मिल गया जो हब्शा की तरफ़ रवाना होने को बिल्कुल तैयार था। इसलिए ये सब अमन से उस में सवार हो गए और जहाज़ रवाना हो गया। मक्का क़ुरैश को उनकी हिजरत का इल्म हुआ तो सख़्त निराश हुए कि यह शिकार मुफ़्त में हाथ से निकल गया। इसलिए उन्होंने इन मुहाजरीन का पीछा किया परन्तु जब उनके आदमी किनारे पर पहुंचे तो जहाज़ जा चुका था इस लिए निराश और दुखी वापस लौटे। हब्शा में पहुंच कर मुसलमानों को निहायत अमन की ज़िन्दगी नसीब हुई और ख़ुदा ख़ुदा करके क़ुरैश के अत्याचारों से छुटकारा मिला। लेकिन जैसा कि कुछ इतिहासकारों ने वर्णन किया है अभी उन मुहाजरीन को हब्शा में गए ज़्यादा समय नहीं गुज़रा था कि एक उड़ती हुई अफ़्वाह उन तक पहुंची कि समस्त क़ुरैश मुस्लमान हो गए हैं और मक्का में अब बिल्कुल शांति और अमन है। इस ख़बर का यह नतीजा हुआ कि अधिकतर मुहाजरीन बिना सोचे समझे वापस आ गए। जब ये लोग मक्का के पास पहुंचे तो मालूम हुआ कि यह ख़बर ग़लत थी। अब उनके लिए बड़ी मुसीबत का सामना था। अंतत: कुछ तो रास्ता में से ही वापस लौट गए और कुछ छुप-छुप कर या किसी प्रभावी और ताक़तवर व्यक्ति की हिमायत में हो कर मक्का में आ गए। यह शवाल 5 नब्वी की घटना है। अर्थात हिजरत के आरंभ में और मुहाजरीन की वापसी के मध्य सिर्फ़ ढाई तीन महीने की दूरी है।

जबकि वास्तविकता यह है अफ़्वाह बिल्कुल झूठी और बे-बुनियाद थी जो हब्शा के मुहाजरीन को वापस लाने और उनको तकलीफ़ में डालने की उद्देश्य से क़ुरैश ने प्रसिद्ध कर दी होगी बल्कि ज़्यादा ग़ौर से देखा जाए तो इस अफ़्वाह और मुहाजिरीन की वापसी का क़िस्सा ही बे-बुनियाद नज़र आता है। लेकिन यदि उसे सही समझा जाए तो मुम्किन है कि इसके पीछे वह घटना हो जो कुछ हदीसों में वर्णन हुई है।" यदि इस तरह देखा जाए, यदि उसको सही माना जाए तो कुछ की जो यह रिवायत है कि हज़रत उस्मान कुछ वर्ष ठहरे वह रिवायत फिर ग़लत निकलती है और यदि उस को ग़लत समझा जाए तो फिर तीन चार महीने में वापस आ गए लेकिन बहरहाल हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब की तहक़ीक़ यह है कि यह बात ग़लत ही है। वह लिखते हैं "यदि उसे सही समझा जाए तो मुम्किन है कि इस की पीछे वह घटना हो जो कुछ हदीसों में वर्णन हुई है। और वह जैसा कि बुख़ारी में आता है यह है कि एक दफ़ा आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने कअबा के सहनमें सूरत नजम की आयात तिलावत फ़रमाइ। उस वक़्त वहां कई एक कुफ़्फ़ार के सरदार भी मौजूद थे और कुछ मुस्लमान भी थे। जब आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने सूरत ख़त्म की तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने सिज्दा किया और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ ही समस्त मुस्लमान और काफ़िर भी सिज्दा में गिर गए।'' बहरहाल "कुफ़्फ़ार के सिज्दा के कारण हदीस में वर्णन नहीं हुई" कि वह क्यों गिर गए'' लेकिन मालूम होता है कि जब आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने निहायत प्रभावहीन आवाज़ में आयतों की तिलावत फ़रमाई और वह आयतें भी ऐसी थीं जिनमें विशेष रूप के साथ ख़ुदा की एकेश्वरवाद और उसकी क़ुदरत शक्ति का निहायत उत्तम रंग में नक़्शा खींचा गया था और उसके उपकार याद दिलाए गए थे और फिर एक निहायत प्रभावहीन यशस्वी शब्दों में क़ुरैश को डराया गया था कि यदि वे अपनी शरारतों से रुके न तो उनका वही हाल होगा जो उनसे पहले उन क़ौमों का हुआ जिन्होंने ख़ुदा के रसूलों को झुठलाया और फिर आख़िर में इन आयतों में हुक्म दिया गया था कि आओ और अल्लाह के सामने सिज्दा में गिर जाओ और उन आयतों की तिलावत के बाद आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और सब मुस्लमान एक साथ सिज्दा में गिर गए तो इस कलाम और इस दृश्य का ऐसा जादुई प्रभाव क़ुरैश पर हुआ कि वे भी अपने आप मुसलमानों के साथ सिज्दा में गिर गए और यह कोई आश्चर्य की बात नहीं क्योंकि ऐसे मौक़ों पर ऐसे हालात में कभी कभार इन्सान का हृदय प्रभावित हो जाता है और वह अपने आप ऐसी हरकत कर बैठता है जो वास्तव में उसके धर्म के सिद्धांतों के ख़िलाफ़ होती है।" ज़रूरी नहीं होता कि इसको मान के यह हरकत हुई हो। बे-अख़्तियारी में कई बार हरकत हो जाती है।'' कभी कबार एक सख़्त और अनचाही मुसीबत के वक़्त एक नास्तिक भी अल्लाह अल्लाह या राम-राम पुकार उठता है।" मैंने भी कुछ नास्तिकों से पूछा है और वे कहते हैं यह बिल्कुल ठीक बात है कि बावजूद इसके कि हमें ख़ुदा पर यक़ीन नहीं लेकिन कोई ऐसी ख़तरनाक हालत हो तो अपने आप मुँह से ख़ुदा का शब्द निकल आता है। तो बहरहाल'' क़ुरैश तो नास्तिक नहीं थे बल्कि बहरहाल ख़ुदा की हस्ती के मानने वाले थे। अत: जब इस प्रभावी और यशस्वी कलाम की तिलावत के बाद मुसलमानों की जमाअत एक साथ सिज्दा में गिर गई तो इस का ऐसा जादुई प्रभाव हुआ कि उनके साथ क़ुरैश भी अपने आप सिज्दा में गिर गए लेकिन ऐसा प्रभाव आम तौर पर वक़्ती होता है और इन्सान फिर शीघ्र ही अपनी असल की तरफ़ लौट जाता है। इसलिए यहां भी ऐसा ही हुआ और सजदा से उठकर क़ुरैश फिर वही बुत परस्त के बुत परस्त थे।" यह नहीं कि वह एकेश्वरवाद बन गए थे।

"बहरहाल यह एक घटना है जो सही हदीसों से साबित है। अत: यदि हब्शा के मुहाजरीन की वापसी की ख़बर दरुस्त है तो ऐसा मालूम होता है कि इस घटना के बाद क़ुरैश ने जो हब्शा के मुहाजरीन को वापस लाने के लिए व्याकुल हो रहे थे अपने इस कर्म को आड़ बना कर ख़ुद ही यह अफ़्वाह प्रसिद्ध कर दी होगी कि मक्का के क़ुरैश मुस्लमान हो गए हैं और यह कि अब मक्का में मुसलमानों के लिए बिल्कुल अमन है और जब यह अफ़्वाह हब्शा के मुहाजरीन को पहुंची तो वे स्वभाविक रूप से उसे सुनकर बहुत ख़ुश हुए और सुनते ही ख़ुशी के जोश में वापस आ गए लेकिन जब वे मक्का के पास पहुंचे तो बात की वास्तविकता से अवगत हो गए जिस पर कुछ तो छुप-छुप कर और कुछ किसी ताक़तवर और प्रभावी रईस क़ुरैश की हिफ़ाज़त में हो कर मक्का में आ गए और कुछ वापस चले गए। अत: यदि क़ुरैश के मुस्लमान हो जाने की अफ़्वाह में कोई हक़ीक़त थी तो वह सिर्फ इतनी थी जो सूरत नजम की तिलावत पर सिज्दा करने वाली घटना में वर्णन हुई है।

ख़ुदा उचित ज्ञान रखता है।

बहरहाल यदि मुहाजिरीन हब्शा वापस आए भी थे तो उनमें से अधिकतर फिर वापस चले गए और चूँकि क़ुरैश प्रतिदिन अपने कष्ट देने में तरक़्क़ी करते जाते थे और उनके अत्याचार प्रतिदिन बढ़ रहे थे। इसलिए आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के इरशाद पर दूसरे मुसलमानों ने भी छुप छुप कर हिजरत की तैयारी शुरू कर दी और अवसर पाकर आहिस्ता-आहिस्ता निकलते गए। यह हिजरत का सिल्सिला ऐसा शुरू हुआ कि अंतत: उन मुहाजिरीन हब्शा की संख्या एक सौ एक तक पहुंच गई जिनमें अठारह औरतें भी थीं और मक्का में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास बहुत ही थोड़े मुस्लमान रह गए। इस हिजरत को कुछ इतिहासकार हिजरत हब्शा सानिया के नाम से पुकारते हैं।"

फिर हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हु अपना एक विश्लेषण वर्णन करते हुए फ़रमाते हैं कि "एक और बात है जो इस अफ़्वाह और मुहाजरीन की वापसी के क़िस्सा को शुरू से ही संदिग्ध कर देती है और वह यह कि तारीख़ में हिजरत हब्शा के आरम्भ की तारीख़ रजब 5 नब्वी और सिज्दा की तारीख़ रमज़ान 5 नब्वी वर्णन हुई है और फिर तारीख़ में ही यह बात भी वर्णन हुई है कि इस अफ़्वाह के नतीजा में मुहाजरीने हब्शा की वापसी शवाल 5 नब्वी में हुई थी। मानो हिजरत के आरंभ में और मुहाजरीन की वापसी के ज़मानों में केवल दो से लेकर तीन महीने की दूरी थी और यदि सिज्दा की तारीख़ से ज़माना की गिनती करें तो यह समय केवल एक ही महीने का बनता है। अब उस ज़माना के हालात के दृष्टि में यह पूर्णता असंभव है कि मक्का और हब्शा के मध्य इस थोड़े समय में तीन यात्राएँ पूर्ण हो सकीं हूँ। अर्थात सबसे पहले मुस्लमान मक्का से हब्शा पहुंचे। इसके बाद कोई व्यक्ति क़ुरैश के इस्लाम की ख़बर लेकर मक्का से हब्शा गया और फिर मुस्लमान हब्शा से रवाना हो कर मक्का में वापस आए। इन तीन यात्राओं की पूर्णता बजाय उस समय के जो अधिक कर्यों में लगते हों लग जाता है" तैयारी भी होती है और चीज़ें हैं'' इस थोड़े समय में पूर्णता असंभव थी और इस से भी अधिक यह बात असंभव थी कि सिज्दा के ज़माना से लेकर हब्शा के मुहाजरीन की कथित वापसी तक दो यात्राएँ मुकम्मल हो सकी हों क्योंकि इस ज़माना में मक्का से हब्शा जाने के लिए पहले दक्षिण में आना पड़ता था और फिर वहां से कश्ती लेकर जो हर समय उपलब्ध नहीं होती थी अहमर का समुद्र पार करके अफ़्रीक़ा के तट तक जाना होता था और फिर तट से लेकर हब्शा की राजधानी अक्सोम तक जो तट से काफ़ी दूरी पर है पहुंचना पड़ता था और उस ज़माना की धीमी यात्राओं की दृष्टि में इस किस्म की एक यात्रा भी डेढ़ दो माह से कम समय में हरगिज़ सम्पूर्ण नहीं हो सकती थी। इस प्रकार से मानों यह क़िस्सा सिरे से ही ग़लत और बे-बुनियाद क़रार पाता है लेकिन यदि मानों इस में कोई वास्तविकता थी भी तो वह निसन्देह इससे अधिक नहीं थी जो ऊपर वर्णन की गई है। ख़ुदा उचित ज्ञान रखता है (सीरत ख़तमनन्बियीन, पृष्ठ 146 से 152)

बहरहाल उसके कारण जो भी थीं कुछ समय के बाद हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की हब्शा से वापसी हो गई और फिर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की मदीना की तरफ़ हिजरत और भाइचारा का वर्णन इस तरह मिलता है कि मुहम्मद बिन जाफ़िर बिन ज़ुबैर से रिवायत है कि जब हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने मक्का से मदीना की तरफ़ हिजरत फ़रमाई तो आप क़बीला बनू नज्जार में हज़रत हसन बिन साबित रज़ियल्लाहु अन्हु के भाई

हज़रत औस बिन साबित रज़ियल्लाहु अन्हु के घर ठहरे।

मूसा बिन मुहम्मद अपने माता से रिवायत करते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ियल्लाहु अन्हु के मध्य भाइचारा क़ायम फ़रमाया था। एक रिवायत के अनुसार हज़रत शद्दाद बिन औस रज़ियल्लाहु अन्हु की माता हज़रत ओस बिन साबित रज़ियल्लाहु अन्हा और हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के मध्य भाईचारा क़ायम फ़रमाया गया था और यह भी कहा जाता है कि हज़रत अबू उबदाह साअद बिन उस्मान ज़ुरक़ी से हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु का भाईचारा क़ायम हुआ था। (अत्तब्कातुल कुबरा ले इब्ने सअद, भाग तीन, पृष्ठ 31 उस्मान बिन अफ्फान,दारे अहया अत्तुर्रास अरबी बेरूत 1996 ई)

एक रिवायत के अनुसार हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के भाईचारा नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपने साथ क़ायम फ़रमाया था। इसलिए तब्कातुल कुब्रा में लिखा है कि इब्ने लबीबा वर्णन करते हैं कि जब हज़रत उस्मान बिन अफ़ान रज़ियल्लाहु अन्हु कैद किए गए अर्थात जब दुश्मनों ने आपको कैद कर दिया, हर तरह की पाबन्दी लगा दी तो आख़िरी दिनों में आपने एक ऊंची कोठड़ी के रोशन दान से झांक कर लोगों से पूछा क्या तुम में तल्हा है? उन्होंने कहा जी हाँ है। आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने उन्हें फ़रमाया कि मैं तुम्हें अल्लाह की क़सम देकर पूछता हूँ, अल्लाह तआला का कहा कि क्या आपको ज्ञान है नाँ कि जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मुहाजिरीन और अंसार के मध्य भाईचारा स्थापित फ़रमाया था तो उस वक़्त आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपने साथ मेरा भाईचारा क़ायम फ़रमाया था। अर्थात आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को अपने साथ भाईचारे में रखा था। इस पर हज़रत तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा कि ख़ुदा की कसम यह सही है। इस पर हज़रत तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु से पूछा गया हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के घर को घेरे हुए जो इर्दगिर्द विरोधी थे उन्होंने उनसे पूछा, जवाब मांगा की कि तुमने यह क्या किया? तो हज़रत तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु ने बड़े साहस से उत्तर दिया कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्ह ने मुझ से कसम लेकर पूछा था और जिस बात के बारे में पूछा था वह मेरी आँखों के सामने हुई थी तो क्या मैं उस की गवाही न देता?

(अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद भाग 3 पृष्ठ 38 ज़िक्र मा कीला ले उस्मान फिल ख़ला, दारे अहया अत्तुरास अल्अरबी बैरूत,1996 ई)

मैं तो झूठ नहीं बोल सकता था। जो तुमने विरोध करना है कर लो।

हज़रत रुक़य्या रज़ियल्लाहु अन्हा की वफ़ात और हज़रत उम्मे कुल्सूम रज़ियल्लाहु अन्हा से शादी की घटना का वर्णन इस तरह मिलता है कि अब्दुल्लाह बिन मुकनिफ बिन हरिस अन्सारी वर्णन करते हैं कि जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बदर के युद्ध के लिए रवाना हुए तो हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को अपनी बेटी हज़रत रुक़य्या रज़ियल्लाहु अन्हा के पास छोड़ा। वह बीमार थीं और उन्होंने उस दिन वफ़ात पाई जिस दिन हज़रत ज़ैद बिन हारिस: रज़ियल्लाहु अन्हु मदीना की तरफ़ उस फ़तह की ख़ुशख़बरी लेकर आए जो बदर में अल्लाह तआला ने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को अता फ़रमाई थी। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के लिए बदर के माले ग़नीमत में हिस्सा निर्धारित फ़रमाया और आपका हिस्सा बदर की जंग में शामिल होने वालों के बराबर था। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत रुक़य्या रज़ियल्लाहु अन्हा की वफ़ात के बाद हज़रत उस्मान बिन अफ्फान रज़ियल्लाहु अन्हु के साथ अपनी साहबज़ादी हज़रत उम्मे कुलसूम की शादी कर दी।

(अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद भाग 3 पृष्ठ 32 उस्मान बिन अफ्फान, दारे अहया अत्तुरास अल्अरबी बैरूत,1996 ई)

हज़रत अबू हुरैरह रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु से मस्जिद के दरवाज़े पर मिले और फ़रमाने लगे कि उस्मान यह जिब्राईल हैं उन्होंने मुझे ख़बर दी है कि अल्लाह तआला ने उम्मे कुलसूम का निकाह रुकय्या जितने हक़ महर पर और उससे तुम्हारे अच्छे व्यवहार पर तुम्हारे साथ कर दिया है।

(सुनन इब्ने माजा, इफ्तताह अल्किताब फज़ल उस्मान रज़ि अल्लाह अन्हो, हदीस नम्बर 110)

अर्थात दूसरी बेटी का निकाह भी अल्लाह तआला ने कहा कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु से कर दिया जाए।

हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा ने वर्णन फ़रमाया कि जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उम्मे कुलसूम की शादी हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु से की तो आपने हज़रत उम्मे यमन रज़ियल्लाहु अन्हा से फ़रमाया मेरी बेटी उम्मे कुलसूम को तैयार करके उस्मान के पास छोड़ आओ और उसके सामने ढोल बजाओ। इसलिए उन्होंने ऐसा ही किया। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम तीन दिन के बाद हज़रत उम्मे कुलसूम रज़ियल्लाहु अन्हा के पास तशरीफ़ लाए और फ़रमाया। हे मेरी बेटी! तुमने अपने पति को कैसा पाया? उम्मे कुलसूम ने निवेदन किया वह बेहतरीन पति हैं।

(सीरत अमीरुल मोमिनीन उस्मान बिन अफ्फान शखसियतहो व असरहू लेखक अला मुहम्मद अस्सलाती पृष्ठ 41, अल्मबहस 3, मुलाज़मत लिल्नबिय्या फिल मदीनत, वफात उम्मे कुलसूम, दारुल मअरफत बैरूत, 2006 ई)

हज़रत उम्मे कुलसूम रज़ियल्लाहु अन्हा हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के हाँ 9 हिज्री तक रहीं उसके बाद वे बीमार हो कर वफ़ात पा गईं। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उनकी नमाज़ जनाज़ा पढ़ाई और उनकी क़ब्र के पास बैठे। हज़रत अनस रज़ियल्लाहु अन्हो वर्णन करते हैं कि उन्होंने नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को हज़रत उम्मे कुलसूम रज़ियल्लाहु अन्हा की क़ब्र के पास इस हाल में बैठे हुए देखा कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की आँखें आंसुओं से भरी थीं।

(सीरत अमीरुल मोमिनीन उस्मान बिन अफ्फान शखसियतहो व असरहू लेखक अला मुहम्मद अस्सलाती पृष्ठ 42, अल्मबहस 3, मुलाज़मत लिल्नबिय्या फिल मदीनत, वफात उम्मे कुलसूम, दारुल मअरफत बैरूत, 2006 ई)

बुख़ारी की एक रिवायत में इस घटना का इस प्रकार वर्णन हुआ है कि हिलाल ने हज़रत अनस बिन मालिक रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत की। वह कहते थे कि हम रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की बेटी के जनाज़े पर मौजूद थे। उन्होंने कहा कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम क़ब्र के पास बैठे हुए थे तो मैंने देखा कि आपकी आँखें आँसू बहा रही थीं।

(सहीह अल्बुख़ारी किताबुल जनायज़, बाब मन युदखलु फिल कब्र अल्मराअत, हदीस नम्बर 1342, उर्दू अनुवाद सहीह अल्बुख़ारी भाग 2 पृष्ठ 663, प्रकाशन नज़ारत इशाअत रव्बा)

एक रिवायत में है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत उम्मे कुलसूम रज़ियल्लाहु अन्हा की वफ़ात पर फ़रमाया यदि मेरी कोई तीसरी बेटी होती तो में उस की शादी भी उस्मान से करवा देता।

(अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद भाग 3 पृष्ठ 32 उस्मान बिन अफ्फान, दारे अहया अत्तुरास अल्अरबी बैरूत,1996 ई)

हज़रत इब्ने अब्बास रज़ियल्लाहु अन्हु वर्णन करते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम एक जगह से गुज़रे तो देखा कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु वहां बैठे थे और हज़रत उम्मे कुल्सूम रज़ियल्लाहु अन्हा की वफ़ात के दुख में रो रहे थे। रिवायत करने वाले कहते हैं कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ आपके दोनों साथी अर्थात हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हू और हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हू भी थे। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने पूछा उस्मान! तुम किस वजह से रो रहे हो? हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया कि हे अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मैं इस वजह से रो रहा हूँ कि मेरा आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से दामादी का सम्बन्ध ख़त्म हो गया है। दोनों बेटियां फ़ौत हो गईं। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि मत रो। कसम है उस ज़ात की जिसके हाथ में मेरी जान है कि यदि मेरी सौ बेटियां होतीं और एक-एक कर के फ़ौत हो जातीं तो मैं हर एक के बाद दूसरी को तुझ से ब्याह देता यहां तक कि सौ में से एक भी बाक़ी न रहती।

(कन्ज़ुल उम्माल भाग 13, पृष्ठ 21 किताबुल फज़ाइल फज़ाइलुस्सहाबा, फज़ाइल ज़ुन्नूरैन उस्मान बिन अफ्फान हदीस नम्बर 36201, दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 2004 ई)

बहरहाल यह एक मुहब्बत का इज़हार था जो दोनों तरफ़ से हुआ। एक फ़िक्र थी हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की। इस रिश्ता का जो सम्बन्ध था वह आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने क़ायम रखा और यह विश्वास दिलाया कि यह सम्बन्ध तो क़ायम है। बाक़ी वर्णन इंशा अल्लाह आइन्दा होगा।

जैसा कि मैं हर जुम्आ में तहरीक कर रहा हूँ। दुआओं की तरफ़ तवज्जा दिला रहा हूँ कि पाकिस्तान के लोगों के लिए अहमदियों के लिए दुआएं करते रहें। विरोधी तो अपनी तरफ़ से अपनी सीमा में दायरा तंग कर रहे हैं लेकिन उनको नहीं पता कि एक बड़ी हस्ती भी है, ख़ुदा तआला भी है जिसकी तक़दीर भी चल रही है और उस का दायरा भी उनके ऊपर तंग हो रहा है और वह दायरा जब तंग होता है तो फिर इससे कोई भाग नहीं सकता। अल्लाह तआला उन लोगों को अक़्ल दे और ये लोग अभी भी अक़्ल से काम लें, इन्साफ़ से काम लें और बिना वजह के अत्याचार और ज़ुल्मों से रुक जाएँ। इसी तरह अल्-जज़ायर के लोगों के लिए भी दुआ करें। उनका ईमान सलामत रहे। इसी तरह कुछ और जगहों पर भी अहमदियों का बहुत विरोध हो रहा है। अल्लाह तआला हर जगह हर अहमदी को हर प्रकार से सुरक्षित रखे।

नमाज़ों के बाद मैं कुछ जनाज़े ग़ायब भी पढ़ाऊंगा। उनका वर्णन भी यहां कर देता हूँ। पहला वर्णन आदरणीय मौलाना सुलतान महमूद अनवर साहब का है। पूर्व नाज़िर इस्लाह इरशाद मर्कज़िया और नाज़िर ख़िदमत दरवेशां भी थे और नाज़िर इस्लाह इरशाद रिश्ता नाता रहे। 11 जनवरी को रब्वाह में लगभग 88 वर्ष की उम्र में उनकी वफ़ात हो गई। इन्ना लिल्लाहे व इन्ना ईलैहि राजेऊन। उनकी पिता का नाम चौधरी मुहम्मद दीन था और माता का नाम रहमत बी-बी था। उनके पिता ने 1928ई. में हज़रत ख़लीफ़ा सनी रज़ियल्लाहु अन्हु के हाथ पर बैअत की थी और अहमदियत में दाख़िल हुए थे। हज़रत

मौलाना सुलतान महमूद अनवर साहब आपके इकलौते बेटे थे। मौलाना सुलतान महमूद अनवर साहब ने मिडल तक शिक्षा प्राप्त करने के बाद वक़्फ़ कर के अप्रैल 1946 ई. में मदरस्सा अहमदिया क़ादियान में दाख़िला ले लिया। पाकिस्तान बनने के बाद अहमद नगर में जामिआ अहमदिया में चले गए जहां से 1952ई. में मौलवी फ़ाज़िल की परीक्षा दी और अप्रैल 1956ई. में जामिआ अहमदिया से शाहिद की डिग्री प्राप्त की। उनकी शादी वहीं महमूदा शौकत साहिबा पुत्री चौधरी साअदुद्दीन साहब से हुई। उनका निकाह मौलाना जलालदुद्दीन साहब शम्स ने 1960 ई. में जलसा सालाना के अवसर पर पढ़ाया। उनकी औलाद में चार बेटे और दो बेटियां हैं। एक बेटे उनके हस्सान महमूद वाक़िफ़े ज़िन्दगी हैं। रब्वाह में तहरीक जदीद के दफ़ातरों में सेवा की तौफ़ीक़ पा रहे हैं। आदरणीय मौलाना साहब की पहली तक़र्रुरी गुजरात में हुई थी। तथा आपने बतौर मुरब्बी सिल्सिला पाकिस्तान के विभिन्न शहरों में ख़िदमतें की। 1974 ई. से 1978 ई. तक यह घाना में भी रहे। उस दौर में जब मैं भी वहां था यह वहां थे और मैंने देखा है कि बड़े बेनफ़्स हो के उन्होंने वहां सेवा की। 1982 ई. से 1983 ई. तक यह सैक्रेटरी मज्लिस कारपर्दाज़ भी रहे। फिर 83 ई. में सदर मज्लिस कारपर्दाज़ निर्धारित हुए। 1983 ई. से 98 ई. तक यह नाज़िर इस्लाहो इरशाद मर्कज़िया रहे। फिर उसके बाद 2011ई. तक नाज़िर ख़िदमत दरवेशां रहे। फिर 2011 ई. से 17 ई. तक नाज़िर रिश्ता नाता रहे और बीमारी के कारण से 2017 ई. में रिटायर्ड हो गए थे। उनको तब्लीग़ करने की प्रतिभा, लोगों से बातचीत करने की प्रतिभा, भाषण की प्रतिभा भी बहुत थी। उनकी कई ऐसे घटनाएं हैं कि विभिन्न मतों से सम्बन्ध रखने वाले लोगों से और उल्मा से उनकी विरोधी मस्ल ोंपर बात चीत होती और बड़े ठोस और इल्मी उत्तर देते। बड़े अच्छे प्रवक्ता थे जैसा कि मैंने कहा। श्रोताओं को, सुनने वालों को अपनी तरफ़ खींच लेते थे। मुरब्बियान जो उनके साथ काम करने वाले हैं वे भी यही लिखते हैं कि हमें साथ लेकर चलने वाले थे। हर एक ने यही लिखा कि बहुत अधिक शफ़क़त का सुलूक हम से फ़रमाते थे और ख़ुद भी तहज्जुद और इबादत करने वाले और लोगों को, मुरब्बियान को भी विशेषता पर तहज्जुद और इबादत की नसीहत किया करते थे। उनका ख़िलाफ़त से वफ़ादारी और इताअत का एक ग़ैरमामूली स्तर था। ख़िलाफ़त राबिया में ज़रा सा इब्तेला भी इन पर आई लेकिन पूर्ण इताअत के साथ उन्होंने वह दौर गुज़ारा और अधीन रह कर भी काम किया बल्कि उनको किसी ने कहा भी कि आप पहले नाज़िर थे अब आपको नाज़िर की बजाय किसी नाज़िर के अधीन काम करना पड़ रहा है तो मुझे मुरब्बियान ने भी लिखा है और उनकी एक बेटी ने भी लिखा था कि उन्होंने कहा कि वक़्त ख़लीफ़ा ज़्यादा बेहतर जानते हैं कि किस की कहाँ क्या ज़रूरत है। मैंने वक़्फ़ किया हुआ है मुझे चाहे झाड़ू देने पर लगा दिया जाए मैं तो वही काम करूँगा जिसका वक़्त ख़लीफ़ा का इरशाद है और अल्लाह तआला ने फिर बेहतर हालात किए और उनकी इस कामिल वफ़ा और इताअत के नमूने को मैं समझता हूँ क़बूलीयत का रंग मिला और फिर दोबारा सदर अंजुमन अहमदिया के मैंबर भी बने और नाज़िर भी बने। जहां भी रहे, कराची में भी और दूसरी जगहों पर भी तो अमीर के साथ उनका पूर्ण सहयोग और इताअत का नमूना होता था। अल्लाह तआला उन से क्षमा और रहम का सुलूक फ़रमाए और उनकी औलाद को भी उनकी नेकियों को जारी रखने की तौफ़ीक़ प्रदान फ़रमाए। आपने कुछ इल्मी काम भी किए हुए हैं, पुस्तकें लिखी हैं। उनकी एक रचना "कलिमा तय्यबा की अज़मत का क़ियाम अहमदी की पहचान है'' उनकी दूसरी किताब है "अल्लाह तआला, हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम, क़ुरआन करीम और ख़ाना काअबा।" फिर उनकी एक किताब है "जमाअत अहमदिया की संख्या का मसला।" फिर एक किताब है "निफ़ाज़े शरीयत में नाकामी के अस्बाब" फिर उनकी एक किताब है "तौहीन रसालत की सज़ा।" बहरहाल ये उनकी रचनाएँ हैं। इल्मी काम भी उन्होंने किए जैसा कि मैंने कहा बहुत ठोस काम करने वाले थे। अल्लाह तआला उन से रहम और क्षमा का सुलूक फ़रमाए।

दूसरा जनाज़ा मौलाना मुहम्मद उमर साहब पूर्व नाज़िर इस्लाह व इरशाद मर्कज़िया क़ादियान का है जो पी.के. इब्राहीम साहब के बेटे थे। 12 जनवरी को 87 साल की उम्र में उनकी वफ़ात हुई है। इन्ना लिल्लाहे व इन्ना ईलैहि राजेऊन। मरहूम का सम्बन्ध केरला से था। उनके पिता इब्राहीम कुटी साहब थे जो जमाअत के सख़्त विरोधियों में से थे। मौलाना साहब के जन्म से दस वर्ष पहले उनके पिता व्यापर के सिल्सिला में बंबई गए। उन दिनों बंबई में काफ़ी अहमदी व्यापर करते थे। बंबई में मालाबार के ही कुछ अहमदियों से उनकी मुलाक़ात हुई और अहमदिया अकीदों के बारे में विचार विमर्श हुआ और 1924 ई. में जब हज़रत ख़लीफ़ा सानी रज़ियल्लाहु अन्हु बंबई तशरीफ़ ले गए। उस वक़्त हुज़ूर के मुबारक हाथ पर उन को बैअत कर के सिल्सिला में दाख़िल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसके बाद उनको क़ादियान में भी आने की तौफ़ीक़ मिली।

मौलाना उमर साहब 1954 ई. में क़ादियान आए जबकि देश के विभाजन के बाद मदरस्सा अहमदिया का पुन: शुरू से आरंभ हो चुका था। 1955 ई. में मदरस्सा में दाख़िल हुए और 1961 ई. में मदरस्सा अहमदिया और पंजाब यूनीवर्सिटी से मौलवी फ़ाज़िल की परीक्षा पास करने के बाद एक वर्ष तक मदरस्सा में पढ़ाते रहे। शिक्षा ग्रहण करने के ज़माना में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के सहाबी हज़रत भाई अब्दुर्रहमान साहब का क़ादियानी की इच्छा पर मरहूम को लगभग एक वर्ष तक रोज़ाना सुबह उनके घर क़ुरआन करीम सुनाने की तौफ़ीक़ मिली। 1962 ई. से मैदान तब्लीग़ में सेवा का सिल्सिला शुरू किया। हिदुस्तान के बड़े बड़े शहरों में काम किया और बड़े कामयाब मुबल्लिग़ के तौर पर ख़िदमत करते रहे। तब्लीग़ी जलसों में उनकी तक़रीर होती थीं। मुनाज़रा यादगीर में शामिल हुए और हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह राबे रहिमाहुल्लाह की विशेष रहनुमाई में कोयम्बटूर के तारीख़ी मुनाज़रा में जो कि निरंतर नौ दिन तक जारी रहा और जिसमें विशेषता पर मौलाना दोस्त मुहम्मद साहब शाहिद और हाफ़िज़ मुज़फ़्फ़र साहब भी मर्कज़ से प्रतिनिधि गए हुए थे उनके साथ उन्होंने बहुत अहम काम किया।

हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह राबे ने एक जगह उनके काम को सराहते हुए अपने ख़ुत्बा में फ़रमाया था कि कुछ जमाअतें हैं जहां एक ही आदमी है जो फ़ौरी तौर पर अकेला सारा बोझ उठाता है और अनुवाद करके अर्थात ख़ुत्बों का अनुवाद कर के फ़ौरी तौर पर फिर अधिकता से प्रकाशित करता है और ऐसी जमाअतों का ख़ुदा तआला के फ़ज़ल से मयार तरक़्क़ी पर है क्योंकि उनको फ़ौरी ख़लीफ़ा का ख़ुत्बा मिल जाता है और इससे सारी जमाअत को पता लग जाता है कि क्या हो रहा है। साऊथ इंडिया में हमारी ऐसी जमाअतें जो उर्दू नहीं समझतीं वहां हमारे मौलवी मुहम्मद उमर साहब मुब्ल्लिग़ सिल्सिला हैं। उनको ख़ुदा तआला ने इस बात का जुनून दिया हुआ है। उधर आवाज़ कान तक पहुंची इधर फ़ौरी तौर पर उसके अनुवाद किए और फ़ौरी तौर पर सारी जमाअतों तक पहुंचा दिया। तो बड़ी मेहनत से यह काम किया करते थे। लगभग एक वर्ष तक फ़लस्तीन में भी उनको सेवा का सौभाग्य प्राप्त हुआ। क़ुरआन करीम और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की कई पुस्तकों और पत्रिकाओं के मलयालम और तमिल में अनुवाद करने की तौफ़ीक़ पाई। 2007 ई. में जब उनको मैंने नाज़िर इस्लाहो इरशाद मर्कज़िया निर्धारित किया और फिर ऐडीशनल नाज़िर इस्लाहो इरशाद तालीमुल क़ुरआन और वक़्फ़ आरिज़ी निर्धारित किया और फिर बतौर नायब नाज़िर आला भी सेवा की तौफ़ीक़ मिली तो बड़े उत्तम तरीके से उन्होंने समस्त ख़िदमें सरअंजाम दीं। मदरस्सा अहमदिया से फ़ारिग़ होने के बाद मजमूई तौर पर मरहूम को 53 वर्ष तक सिल्सिला की सेवा की तौफ़ीक़ मिली। आपके पीछे रहने वालों में चार बेटियां हैं और दामाद और नवासे नवासियाँ और पड़ नवासे नवासियाँ भी हैं। जुनून था उनको जमाअत की सेवा का। जब फ़ैमिली के साथ ज़ाती यात्रा पर जाया करते थे तो यात्रा के दौरान भी और जमाअती कामों और विशेष रूप से अनुवाद इत्यादि के कामों में व्यस्त रहते थे।

श्रीलंका के नैशनल सदर साहब लिखते हैं कि श्रीलंका जमाअत की अहमदियत की तारीख़ में वह सुनहरी दौर हमेशा सुरक्षित रहेगा जब हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह सालिस की बरकतों वाली क़ियादत में मौलाना साहब की पहली बार मर्कज़ी मुबल्लिग़ के तौर आना पर अल्लाह तआला के फ़ज़ल के साथा 1978 ई. में हुआ था तो ग़ैरमामूली तौर पर जमाअत के अंदर नए रुहानी जोश के साथ इस्लाह और पवित्र तबदीली नज़र आने लगी और मौलाना मरहूम की वहां अत्यधिक सेवाएं की हैं। 1994 ई. में कोलंबो शहर में राम कृष्णा के बड़े हाल में मौलाना साहब की अमन और एकेश्वरवाद के विषय पर एक ऐसी ज़बरदस्त तक़रीर हुई जिसको सुनने के लिए चार सौ से ज़्यादा लोग शामिल हुए। राम कृष्णा तहरीक के अन्य देश के सदर और देश के हिंदू कल्चरल मिनिस्टर ऑनरेबल देवराज (Deueraj) विशेषता मौलाना मरहूम की यह तक़रीर सुनकर वज्द में आ गए और बहुत तारीफ़ करने लगे क्योंकि इस तक़रीर में मौलाना साहब ने गीता के हवालों से मंत्र पढ़ कर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सच्चाई को साबित किया था। इसीलिए उनकी वह तारीख़ी तक़रीर आज भी उन लोगों में प्रसिद्ध है। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की चार पुस्तकों को तमिल भाषा में अनुवाद किया और विभिन्न विषयों के तहत सात पुस्तकें तमिल भाषा में ख़ुद लिखीं। तामिलनाडू राज्य में जमाअत की पत्रिका समदाना वाज़ही (samadana vazhi) का आरंभ क के एक लम्बा समय तक वहां से और दूसरे राज्यों से भी प्रकाशित करते रहे। अल्लाह तआला मरहूम से क्षमा और रहम का सुलूक फ़रमाए दर्जात बुलंद करे। उनकी औलाद को भी कामिल वफ़ा के साथ जमाअत से सम्बन्ध रखने की तौफ़ीक़ दे।

अगला जनाज़ा आदरणीय हबीब अहमद साहब मुरब्बी सिल्सिला का है जो मुहम्मद इस्माईल साहब फ़ैक्ट्री एरिया रब्वाह के बेटे थे। 25 दिसंबर को इस्लामाबाद में हार्ट-अटैक से 64 साल की उम्र में वफ़ात पा गए। इन्ना लिल्लाहे व इन्ना इलैहि राजेऊन। 1979 ई. में उन्होंने जामिआ पास किया था। इसके बाद पाकिस्तान के विभिन्न राज्यों में उनको काम की तौफ़ीक़ मिली। 1989 ई. से 2003 ई. तक नाईजीरिया में सेवा की तौफ़ीक़ पाई। इस दौरान सितम्बर 1998 ई. से अक्तूबर 2000 ई. तक अमीर और मिशनरी इंचार्ज नाईजीरिया भी रहे। सादगी और विनम्रता के साथ सेवा करते रहे। दफ़्तरी उमूर के इलावा मुहल्ला के तर्बीयती उमूर में भी बड़े अहसन रंग में काम करते थे। पीछे रहने वालों में पत्नी के इलावा तीन बेटियां और दो बेटे शामिल हैं। अल्लाह तआला उनसे क्षमा और रहम का सुलूक फ़रमाए और उनकी औलाद को भी वफ़ा से जमाअत से सम्बन्ध क़ायम रखने की तौफ़ीक़ प्रदान फ़रमाए।

अगला जनाज़ा आदरणीय बदरुज़मान साहब का है जो कुछ समय से कर्मचारी वकालत माल यू.के. थे। 3 जनवरी को वफ़ात पा गए। इन्ना लिल्लाहे व इन्ना इलैहि राजेऊन।

निहायत मुख़लिस और मेहनती कर्मचारी थे। 1944 ई. में अमृतसर में पैदा हुए। पैदाइशी अहमदी थे। उनको ख़ुद्दामुल अहमदिया में भी जब गर्वनमैंट में अपनी सर्विस कर रहे थे तो क़ायद ज़िला कोयटा के तौर पर सेवा की तौफ़ीक़ मिली। फिर अन्सारुल्लाह ब्लोचिस्तान के नाज़िम भी रहे। इन पर 1986 ई में एक जमाअत का केस भी हुआ जिसके अधीन यह कैद में भी रखा और 1995 ई. से 99 ई. तक वकालत माल प्रथम रब्वाह में भी ख़िदमत सरअंजाम दी। यहां लंदन आ गए तो रकीम प्रैस में और फिर सतरह वर्ष ऐडीशनल वकालत माल लंदन में उनको ख़िदमत की तौफ़ीक़ मिली। अल्लाह तआला उनसे क्षमा और रहम का सुलूक फ़रमाए।

